प्रो॰ वेद प्रकाश
अध्यक्ष
Prof. Ved Prakash
Chairman

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
दूरभाष Phone : कार्यालय Off : 011-23234019, 23236350
फैक्स Fax : 011-23239659, e-mail : cm.ugc@nic.in | web: www.ugc.ac.in

अर्धशासी पत्र संख्या 1–9/2014 (सी0एम0)

29, सितम्बर, 2014

प्रिय कुलपति/निदेशक,

किसी भी समाज द्वारा जीवन के सभी क्षेत्रों में संपूर्ण प्रगति प्राप्त करने के लिए स्वच्छता एवं स्वस्थ पर्यावरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। यह दोनों घटक परस्पर गुँथे हुए हैं तथा एक दूसरे का समर्थन करते हैं। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमारे जैसे विशाल एवं विविधताओं से युक्त देश में हमे और अधिक प्रतिबद्ध एवं समर्पित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने अत्यधिक उचित रूप से एक राष्ट्र पर्यन्त **"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत"** अभियान के समारम्भ की घोषणा की है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी हो ताकि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यापक एवं धारित व्यवहारमूलक परिवर्तन लाया जा सके। अत्यंत उपयुक्त रूप से इसकी पहल 02 अक्तूबर से की जाएगी जो कि महात्मा गाँधी जी की जन्म तिथि है। इस अभियान की सफलता में उच्च शिक्षा समुदाय एक शीर्षस्थ भूमिका निभा सकती है। यूजीसी ने पहले ही **"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत"** परियोजना को सूत्रबद्ध किया है जिसका विवरण यूजीसी वेबसाइट **"www.ugc.ac.in"** से उपलब्ध किया जा सकता है।

मैं यह पत्र इस अनुरोध के साथ आपको लिख रहा हूँ कि आप एक विशाल अभियान 02 अक्तूबर, 2014 को आप न केवल अपने प्रतिष्ठित संस्थान के परिसर में बल्कि अपने सह संबद्ध संस्थानों के परिसरों में भी समारम्भ करें। इसके साथ ही मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि आप राष्ट्रीय कैडिट कोर (एन0सी0सी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) के स्वयंसेवकों को एवं आपके संस्थानों से ऐसे ही अन्य मंचों से इस कार्य में संलिप्त करें जिसमें वृक्षारोपण, प्रभावी रूप से कूड़े–करकट का निपटान, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण, वर्षा जल का एकत्रीकरण, धुँआ एवं मादक द्रव्यों से मुक्त परिसर आदि सम्मिलित हों। मैं आपसे अन्य वाह्य कार्यक्रमों को आयोजित करने का आग्रह कर रहा हूँ–जैसे स्वच्छता के प्रयोजन से बस्तियों को अंगीकार करना, स्वच्छतापूर्ण एवं स्वस्थ जीवन यापन के हेतु आवश्यकता के प्रति जनसाधारण में जागरूकता प्रसारित करना इत्यादि।

इस अवसर पर यूजीसी द्वारा निकाली गई एक स्मारिका की प्रति *संलग्न* करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि इस अभियान को एक महती सफलता बनाने में आप सब हार्दिक समर्थन प्रदान करेंगें।

सादर,

भवदीय

(वेद प्रकाश)

*संलग्नः उपरोक्त अनुसार*

**समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति/निदेशक (केन्द्रीय, राज्य, मानित, निजी, एवंम राष्ट्रीय महत्व वाले संस्थान)**